श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333

डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 18 | अंक 140 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 01 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया

आवश्यकता है
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928. 8319964648





# सक्रिय हुए भूसे के तस्कर..!

## प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से हो रहा परिवहन, गर्मी में होगी मवेशियों के पेट भरने की समस्या

**मंदसौर, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** लगातार दो तीन वर्षों से जिले में मवेशियों के लिए गर्मी के दिनों में पेट भरने की समस्या खड़ी हो रही है। फसलों को काटने ओर निकालने के लिए जब से हारवेस्टर मशीनों का चलन बड़ा तब से ही गोशालाओं व गांवों में पशुओं के लिए भूसे की कमी होने लगी है। पिछले दिनों रबी सीजन में फसलों को निकालने का क्रम शुरु होने के साथ प्रशासन ने भूसे का जिले से बाहर परिवहन पर प्रतिबंध लगा दिया। लेकिन, इस प्रतिबंध का पालन कही नहीं हो रहा है। ट्रक से लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों व लोडिंग वाहनों में ओवरलोड भरकर भूसा खुलेआम परिवहन किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के रुट पर हर दिन ऐसे नजारें दिखना आम बात हो गई है। विडंबना तो यह है कि इन्हें कोई रोकने टोकने वाला तक कोई नही है और प्रतिबंध का पालन प्रशासन ही नहीं करवा पा रहा है। भूसे पर प्रतिबंध व नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाकर प्रशासन ने खानापूर्ति कर ली। लेकिन, हकीकत सडको से गुजर रहे भूसे से भरे ओवरलोडिंग वाहनों को देखकर पता चल रही है।

### हर गांव तक पहुंची हारवेस्टर तो खड़ा हो गया भूसे का संकट...

पशुओं का पेट भरने का संकट जिले में खड़ा हो गया है। वर्तमान में कई जगह गेहूं खेतों में अब भी खड़े हैं, किसान को समय पर मजदुर नहीं मिल रहें। मजदूरी के दाम अधिक हो गए है। बारिश के कारण दाम ओर भी बढ गए है। ऐसे में किसान मजबूरन हारवेस्टर का उपयोग कर रहा है। हर गांव में हारवेस्टर मशीन पहुंच रही है। इसी कारण भूसे का संकट खड़ा हो गया है। पशुपालको से लेकर गोशालाओं के लिए भूसे का संकट है। तब से ही भूसे के परिवहन पर प्रतिबंध लगाने का सिलसिला शुरु किया गया। ऐसी स्थिति को देख गर्मी के दिनों में समस्या अधिक बढ जाएगी। बावजूद इस पर प्रशासन गंभीरता नहीं दिखा रहा है।

### भूसे के ओवरलोड वाहनों से बाइक चालक हो रहे परेशान...

जिले में अधिकांश रुट पर इन दिनों भूसे से भरे ओवरलोड वाहनों की आवाजाही आसानी से दिखाई दे रहे है। गांव के रास्ते हो या हाईवे हर जगह ओवर लोड वाहन दिख रहे है। सीतामऊ-दलौदा रोड़ कुचडोद-बड़वन रोड़ सहित राजमार्ग पर लगातार ओवरलोड वाहन तेज गती से दोड़ रहें है। एक ओर अवैध रुप से भूसा परिवहन हो रहा है तो दूसरी ओर इन ओवरलोड वाहनों के कारण दुपहिया वाहनों से लेकर अन्य वाहनों को आवाजाही में परेशान होना पड़ रहा है। बावजूद कही पर रोक-टोक नही हो रही है।

### एक माह से चल रहे भूसे से भरे वाहन...

रबी सीजन के साथ भूसे का परिवहन जिले में शुरु हो गया। जिले में लगातार 25 दिनों से ज्यादा हो गए जब भूसे का परिवहन ओवरलोड वाहनों के साथ हो रहा है। बावजूद कार्रवाई नहीं हो पा रही है। तो वही इनके कारण ट्रैफिक की समस्या भी खड़ी हो रही है। विडबंना तो यह है कि इनमें से किसी को भी कार्रवाई का कही भय नहीं है। इसी कारण बेरोकटोक ओवरलोड वाहन गुजर रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजाना सुबह से लेकर शाम तक भूसे से भरे ओवरलोड वाहनों की आवाजाही होती है। इससे हादसों का भी भय बढ रहा है।

## कलेक्टर, डीईओ और डीपीसी को आदेश...

# तीन साल की उम्र क्रास करके ही मिलेगा स्कूलों में प्रवेश

**मंदसौर, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नई एजुकेशन पॉलिसी में अब 3 साल से कम उम्र वाले बच्चों का स्कूलों में एडमिशन नहीं होगा। 6 साल की आयु पूरी होने पर ही पहली कक्षा में एडमिशन मिल सकेगा। मध्यप्रदेश सरकार ने प्री प्राइमरी और प्राइमरी कक्षा में एडमिशन को लेकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार यह आदेश कलेक्टर, डीईओ और डीपीसी को जारी किए हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्कूल शिक्षा विभाग ने नर्सरी से लेकर क्लास पहली तक एडमिशन के लिए उम्र के क्राइटेरिया को लेकर नियम जारी कर दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने साफ कर दिया है कि 3 साल से कम उम्र के बच्चों को नर्सरी में एडमिशन नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही 6 साल की उम्र होने पर ही पहली कक्षा में एडमिशन मिलेगा। राज्य शासन ने स्कूल शिक्षा विभाग और कलेक्टर्स को आदेश जारी कर दिए है। अब कोई भी माता-पिता अपने बच्चों को निर्धारित उम्र से पहले नर्सरी, केजी और कक्षा-1 में एडमिशन नहीं दिला सकेंगे। अभी तक देखा जाता था कि माता-पिता 2 से 2.5 वर्ष के बच्चे को स्कूल में एडमिशन दिलवा देते हैं। लेकिन, इस आदेश से अब ऐसा करना संभव नहीं होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति जारी हुए 4 साल हो गए हैं। मध्यप्रदेश इस नीति को अपनाने वाला कर्नाटक के बाद दूसरा राज्य है। बता दें कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में एडमिशन की उम्र तय की गई है। अब स्कूल उम्र के आधार पर ही बच्चों को एडमिशन देंगे। आदेश के अनुसार प्री प्राइमरी और प्राइमरी कक्षाओं में विद्यार्थी के एडमिशन के लिए 1 अप्रैल की स्थिति में न्यूनतम उम्र तय की दी गई है। बच्चों को स्कूलों में प्रवेश को लेकर अभी तक नियमों का सख्ती से पालन नहीं हो रहा था। कई बच्चों को 3 साल से पहले ही नर्सरी में एडमिशन दे दिया जा रहा था। आमतौर पर प्राइवेट स्कूलों में ज्यादा देखा जा रहा था। लेकिन, अब शिक्षा विभाग ने इसके लिए उम्र तय कर दी है। जिसका सख्ती से पालन किया जाएगा। अगर कोई समय से पहले अपने बच्चे को दाखिला दिलाता है तो ऐसी स्थिति में उन पर कार्यवाही की जा सकती है।



### इस उम्र में ही मिलेगा एडमिशन

- ✻ नर्सरी के लिए न्यूनतम 3 वर्ष अधिकतम 4 वर्ष 6 माह
- ✻ केजी - 1 के लिए न्यूनतम 4 वर्ष, अधिकतम 5 वर्ष 6 माह।
- ✻ केजी-2 के लिए न्यूनतम 5 वर्ष, अधिकतम 6 वर्ष 6 माह।
- ✻ कक्षा- 1 के लिए न्यूनतम आयु 6 वर्ष एवं अधिकतम 7 वर्ष 6 माह।

# आज से पुलिस वाले ग्रीष्मकालीन गणवेश में दिखेंगे



**मंदसौर, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस वालों की गर्मी शुरु हो गई है। आमजन की सुरक्षा में तैनात रहने वाली पुलिस के लिए भी शीत ऋतु के लिए विशेष ड्रेस पहनने का नियम है। इसके तहत पुलिस अब तक अंगोला शर्ट में नजर आती रही है। आदेश अनुसार आज से पुलिस वाले अंगोला शर्ट की जगह अब ग्रीष्मकालीन गणवेश में नजर आएंगे।

दरअसल अंगोला खाकी रंग का विशेष शर्ट पुलिस को ठंड से बचाव के लिए पहनने का आदेश जारी किया जाता है। पुलिस रेगुलेशन एक्ट के तहत 15 नवंबर से ठंड मान ली जाती हैं और इस एक्ट के तहत अगले 4 माह तक यानी 15 मार्च तक पुलिस को अंगोला रंग की शर्ट पहनना होती है। एक्ट के तहत इन चार माह की अवधि में अगर कोई पुलिस कर्मी सामान्य दिनों की वर्दी पहनना चाहता है तो उनको शर्ट के ऊपर का स्वेटर पहनना जरूरी है। सामान्यतया पुलिस कर्मी शर्ट को हाफ तक फोल्ड कर लेते हैं, लेकिन चार माह अंगोला शर्ट की आस्तीन को फोल्ड नहीं कर सकते। एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि गर्मी को देखते हुए पुलिस मुख्यालय से 15 मार्च से पहले भी ग्रीष्मकालीन गणवेश पहनने के आदेश जारी हो सकते हैं। पिछली बार की तरह इस बार भी एक मार्च से आदेश लागू हो रहा है।

### 1961 में नियम बना था नियम, हो चुके हैं 63 वर्ष...

आजादी के बाद 1961 में बने पुलिस रेगुलेशन एक्ट का पालन आज भी पुलिस कर्मियों को करना पड़ रहा है। इस एक्ट को अब 63 वर्ष हो चुके है। इस एक्ट द्वारा 15 नवंबर से ठंड मान ली जाती है। वहीं 15 मार्च से गर्मी मानी जाती है। अगले चार माह तक पुलिस अधिकारियों से लेकर पुलिस कर्मचारियों तक ग्रीष्मकालीन गणवेश में नजर आएगे। यदि एक्ट के तहत नियमों का पालन नहीं किया जाता है तो वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सजा देने का प्रावधान है।

### तापमान में बढ़ोतरी के जल्द जारी हुए आदेश...

वैसे 15 मार्च तक पुलिस की ठंड रहती है। लेकिन, बढते तापमान को देखते हुए निर्णय लिया जाता है। कई बार फरवरी-मार्च के बीच जब तापमान बढ़ता हैं, उस दौरान तापमान बढने से पुलिस कर्मियों को शुष्क मौसम का सामना करना पड़ता है। चूंकी जब एक्ट बना था, तब नवंबर से मार्च तक ठंड अधिक पडती थी, लेकिन वर्तमान समय में दिसंबर के अंत व जनवरी में ही ठंड का वातावरण रहता है।

## भरभड़िया रोड पर दुर्घटना में आरक्षक की मौत

**नीमच, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भरभडिया रोड पर दो कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में कॉन्स्टेबल की मौत गई। मौके पर एएसपी नवल सिंह सिसोदिया और सीएसपी अभिषेक रंजन बल सहित पहुंचे। हादसा संदिग्ध लगने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हादसा भरभडिया रोड पर बालाजी नगर कॉलोनी के बाहर हुआ। जानकारी के अनुसार, नीमच सिटी थाना क्षेत्र जवासा चौकी में पदस्थ कॉन्स्टेबल राजाराम जाट गुरुवार सुबह स्कॉर्पियों से फायरिंग ट्रेनिंग के लिए घर से निकले थे। इस दौरान उनकी स्कार्पियों की भिड़ंत स्विफ्ट कार से हुई। स्विफ्ट कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, इसमें कोई नहीं मिला। कार से कुछ ही दूरी पर कॉन्स्टेबल का शव मिला। पुलिस स्विफ्ट कार के मालिक का पता लगाने में जुटी है।


## पिकअप में घुसी बाइक, एक की मौत, एक गंभीर

**नीमच, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सिटी थाना क्षेत्र नीमच- सिंगोली रोड़ पर भैरव घाटी के पास बुधवार-गुरुवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक बाइक सवार व्यक्ति की मौत ही गई। जबकि, एक अन्य गंभीर घायल हो गया। जिसे एम्बुलेंस से बड़े अस्पताल लाया गया। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, नीमच-सिंगोली मार्ग पर बुधवार-गुरुवार की रात छगनलाल पिता पिता हीरालाल उम्र 55 वर्ष जाति रावत निवासी नरसिंहपुर जिला नीमच और अमरीत पिता रामचंद्र उम्र 25 वर्ष जाति रावत निवासी चडोली जिला नीमच बाइक से नीमच से सिंगोली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान भैरव घाटी पर सडक किनारे पंचर होने के कारण खड़े एक पिकअप में बाइक जा घुसी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें 108 एम्बुलेंस के पायलट दशरथ व्यास और ईएमटी राहुल पाटीदार द्वारा नीमच चिकित्सालय लाया गया। जहां अमरीत पिता रामचंद्र को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर घायल छगनलाल का उपचार जारी है। मृतक के परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम किया गया।

# आभा अकाउंट में बीमारी का ब्यौरा

## ऑनलाइन जनरेट होगे चौदह अंक, पर्चियों का रिकॉर्ड भी रख सकेंगे

**मंदसौर, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अब हर व्यक्ति का हेल्थ अकाउंट बनाया जाएगा, जिसमें डिजिटल रूप में व्यक्ति का स्वास्थ्य रिकॉर्ड उपलब्ध होगा। इससे व्यक्ति को अनावश्यक कागजात का रिकॉर्ड नहीं रखना पड़ेगा। इसमें डॉक्टर्स को रिपोर्ट दिखाने से लेकर रिपोर्ट अपलोड कर सकते हैं। इसे एक क्लिक पर डाउनलोड किया जा सकता है। केन्द्र सरकार ने आयुष्मान डिजिटल भारत मिशन की शुरूआत की है। इसके लिए मरीज का हैल्थ रिकॉर्ड ऑनलाइन अपडेट रखने के लिए आयुष्मान भारत अकाउंट (आभा) बनाया जा रहा है। यह आईडी बनाने पर 14 अंकों का एक अकाउंट नम्बर अलॉट होगा, जिसमें संबंधित व्यक्ति ऐप के माध्यम से अपने चिकित्सा से संबंधित रिकॉर्ड, लैब रिपोर्ट, डॉक्टर का लिखा दवा का पर्चा, डॉक्टर नोटस, इमेज, वैक्सीन इत्यादि डिजिटल प्लेटफार्म पर सुरक्षित रख सकते हैं।




### किस फंक्शन में क्या रहेगा...

✻ लैब रिपोर्टर्स : इसमें संबंधित व्यक्ति लैब का नाम, रिपोर्ट की स्थिति और स्थिति या बीमारी का रिकार्ड रख सकता है।

✻ डॉक्टर्स की दवा का पर्चा-इसमें डॉक्टर्स और हॉस्पिटल का पर्चा रख सकते है। डॉक्टर्स या हॉस्पिटल का नाम और उनसे मिलने का समय का रि कार्ड शामिल है।

✻ डॉक्टर्स नोटस-डॉक्टर्स और अस्पताल ने संबंधित मरीज की जांच कर क्या लिखा है।

✻ इमेज:-इसमें एक्सरे, एमआरआई, सीटी स्कैन समेत अन्य जांचें रिपोर्ट अपलोड कर सकते है।

✻ वैक्सीनेशन- यहां वैक्सीनेशन का रिकार्ड रख सकते है।

✻ मेडिकल खर्च-उपचार में कितना खर्चा, उसकी राशि, पेमेंट मोड और उसकी रसीद शामिल है।

### पुरानी रिपोटर्स नहीं रखनी होगी...

हेल्थ अकाउंट बनाने से उसमें रिकॉर्ड का संधारण करने का फायदा मिलेगा। अक्सर देखते हैं कि मरीज डॉक्टर के पास पहुंचता है। डॉक्टर उससे बीमारी के बारे में जानकारी लेता है। पूर्व की जांच रिपोर्ट मांगता है, लेकिन उनका रिकॉर्ड नहीं होने से दिक्कत आती है। ऐसे दुबारा सारी रिपोर्ट आने के बाद उपचार में शुरू होता है। पुराना रिकॉर्ड रहे, तो डॉक्टर को बीमारी तलाशने में बड़ी मदद मिलती है।

### मोबाइल में जनरेट हो जाएगा अकाउंट...

ये अकाउंट मोबाइल में भी आराम से जनरेट हो जाएगा। इसके लिए व्यक्ति मोबाइल में प्ले स्टोर पर जाना होगा। यहां से आभा ऐप सर्च करें। इसके बाद लिंक खुल जाएगा। वहां से इसे डाउनलोड कर सकते है। इसको ओपन कर मोबाइल नंबर डालना होगा, जिसमें संबंधित मोबाइल पर ओटीपी आएगी। इसको भरने के बाद नाम पता समेत अन्य जानकारियां भी पूरी करनी जरूरी की गई है।

# चोरी के मामले में एक गिरफ्तार, दूसरे की तलाश

**नारायणगढ़, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** एमप्लीफायर और अन्य सामग्री के चोरी के मामले में नारायणगढ़ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि, एक की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात चोर नारायण गढ में गोपाल मंदिर के पीछे बने कमरे में रखे साउण्ड सिस्टम एम्पलीफायर एवं अन्य यंत्र मय सम्पूर्ण युनिट कीमत करीब 1 लाख 5 हजार रुपए अज्ञात बदमाशों द्वारा ताला तोडकर चुरा कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु की। जिसमें घटना स्थल पर रात्रि में 11:00 से 11:30 बजे एक सफेद रंग की मारूति स्वीफ्ट वीडीआई कार घटना स्थल पर रूकना और 15 मिनिट में ताला तोडकर सामान ले जाना दर्शित हुआ। इस संबंध में रूट के सम्पूर्ण सीसीटीवी फुटेजों को देखा गया जो की कार घटना कारित करने के बाद नारायणगढ से गुडभेली होते हुए पिपलिया मंडी की तरफ जाना दर्शित हुई। आरोपियों द्वारा कार को घटना कारित करते समय साईड में लगाने के कारण उनके चेहरे सीसीटीवी में कैद ना होने के कारण मात्र बिना नंबर की स्वीफ्ट वीडीआई के आधार पर आरोपियों एवं कार की मुखबीर तंत्र के माध्यम से पतारसी करते कार की शिनाख्त की गई एवं इस संबंध में मुखबीर तंत्र के माध्यम से उक्त कार की पतारसी करने के प्रयास किये गये। जो कि आरोपी घनश्याम पिता समरथ चौहान बावरी उम्र 22 वर्ष निवासी पिपलिया पंथ पिपलिया मंडी की होना पाई गई। जिसे तत्काल दबिश देकर गिरफ्तार किया गया एवं घटना में प्रयुक्त कार क्रमांक आर जे 06 सीबी 0250 को जप्त किया गया, साथ ही चोरी की गई संपत्ति बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी द्वारा बताया गया कि उक्त घटना उसने समरथ मेघवाल निवासी बरखेडा वीरपुरिया द्वारा कारित की गई थी। आरोपीगण पूर्व से डीजे संचालन का कार्य करता था। जिन्हे यह मालुम था की उक्त साउण्ड सिस्टम बंद अवस्था में गोपाल मंदिर के पीछे बंद कमरे में पड़ा हुआ है। मामले में समरथ की तलाश की जा रही है।



# भाजपा नेतृत्व की योजना : किसी भी हालत में सरकार बनाना है, फिर चाहे नए या बाहरी को प्रत्याशी बनाए.. !

**मंदसौर/ उज्जैन, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** वर्तमान एनडीए सरकार के लिए फिर से सरकार बनाना आसान सा नजर आ रहा है। फिर भी ऐसा लग रहा है किसी अनजान डर के कारण शीर्ष नेतृत्व किसी भी हालत में सरकार बनाने की योजना पर काम कर रहा है। फिर चाहे इसके लिए वर्तमान सांसद को ड्राप करना या क्षेत्र के किसी लोकप्रिय विधायक को लडाना पड़े या किसी समाज या वर्ग के जिनके सामूहिक मत प्रभावित करते हो, को प्रत्याशी बनाना पड़े, चाहे वह अन्य क्षेत्र का भी हो तो भी प्रयोग किया जा सकता है। ऐसा वातावरण इसलिए बन रहा है कि भाजपा का शीर्ष नेता नेतृत्व किसी भी हालत में अपनी बहुमत वाली सरकार बनाने पर आमादा है। इसके लिए भले ही समझौता करना पड़े, ऑपरेशन लोटस करना पड़े या शासकीय एजेंसियों का सहारा लेना पड़े तब भी..!

ऐसा तभी होता है जब सत्ता में रहने की महत्वाकांक्षा दिलों दिमाग पर हावी रहती है। वरना देश का राजनीतिक दृश्य जो दिख रहा है, उसमें तो साफ नजर आ रहा है की डबल इंजन सरकार को टक्कर देने लायक विपक्ष बचा ही नहीं है और जो विपक्ष का नेतृत्व कर रहे हैं, उनमें इतना दम भी नजर नहीं आ रहा है कि वह विपक्ष का नेता चुनने लायक सांसदों का समूह जीता कर संसद में ले आएं बावजूद इसके भाजपा संगठन के वर्तमान नीति कार, सूत्रधार, योजनाकार एकमात्र उद्देश्य लेकर लोकसभा चुनाव के एक्शन प्लान को अंजाम दे रहे हैं।


चन्द्रमोहन भगत

भाजपा के आंतरिक जानकारों पर भरोसा करें तो इस बार वर्तमान सांसदों के अच्छे संसदीय कार्यकाल के बाद भी उन्हें परखने का मापदंड उनके क्षेत्र के मतदाता बाहुल्य क्षेत्र में उनकी जन प्रियता को तलाशा गया है। अगर नकारात्मक वातावरण मिला तो वर्तमान सांसद का आवरण कितना ही उज्ज्वल नजर आता दिखे, उसे बदला जाकर एकदम नया युवा प्रत्याशी या संगठन में लंबे समय काम करने का त्याग करने वाले या जाति वर्ग समूह के मतों को प्रभावित करने वालों को प्रत्याशी बनाया जाएगा। प्रत्याशी चयन को लेकर यह तो पहले से सतह पर नजर आ रहा था कि जिन सांसदों से क्षेत्र का 25 प्रतिशत जनमत और संगठन के कार्यकर्ता नाराज पाए जाएंगे, उन्हें भी बदल दिया जाएगा। ऐसा वातावरण तब और अधिक गहराता गया, जब केंद्र की एजेंसी ईडी और इनकम टैक्स आदि विभागों की कार्रवाइयों के घेरे में वर्ग विशेष के मुख्यमंत्री, मंत्री, नेता फंसते गए। ऑपरेशन लोटस में भी ऐसे ही वर्ग को प्रताड़ना सहना पडी है। इन कार्रवाइयों से ऐसे वर्ग विशेष के जनमत में भी विपक्षियों ने भाजपा के प्रति नाराजगी का वातावरण उपजा दिया है, कुछ हद तक सफल होते भी नजर आए हैं। अत: इस तरह के प्रतिरोध को पनपने से रोकने के लिए भाजपा नेतृत्व इन वर्गों को अपने पक्ष में करने के लिए प्रतिनिधित्व से नवाज रही है।

राज्य सभा सांसदों के लिए चुनाव में भी ऐसे ही प्रयास के चलते प्रदेश से पिछड़े वर्ग के बंशीलाल गुर्जर, वाल्मीकि समाज से संत उमेश नाथ, जनजाति वर्ग से डा. एल मुरुगन और जाट समाज से श्रीमती माया नारोलिया को चुना गया है। यह भी सर्वविदित है कि देश में इनके वर्ग का जनमत प्रतिशत अन्य वर्गों के मुकाबले बहुत अधिक है। यह भी सर्वविदित है कि भाजपा के वर्तमान संगठन की प्रयोग शाला में आधुनिक वैचारिक तकनीक के जानकारों की टीम काम कर रही है। जो लोकसभा क्षेत्र की जमीन की खुशबू से मिलने वाली तरंगों से पता कर चुके हैं कि किस वर्ग के युवा या अनुभवी या एकदम नया या किसी समाज सेवी या वर्तमान सांसद जिसको भी उपयुक्त दावेदार बताएगी, उसे प्रत्याशी बनाया जा सकता है।

सुदूर दक्षिण भारत जहां से भाजपा में लोकसभा सांसदो की कमी रहती है, उसी की पूर्ति के लिए डा. मुरूगन को मध्य प्रदेश से राज्यसभा में लाया गया है। ऐसा ही प्रयोग लोकसभा चुनाव में किया जा सकता है। जिसमें किसी बहुसंख्यक वर्ग को जिसे अभी तक कहीं उपकृत न किया हो, करना आवश्यक हुआ तो ऐसा करना किसी भी लोकसभा सीट पर भाजपा के लिए संभव भी है और आसान भी। संभाग की चारों लोकसभा सीटों को नतीजे के आधार पर भाजपा के लिए लंबे समय से सुरक्षित माना जाता रहा है। इसलिए इन्हीं सीटों पर बाहरी प्रत्याशियों के प्रयोग की संभावना को बल मिल रहा है। लोकसभा चुनाव को लेकर स्तरीय चर्चाओं पर भरोसा करें तो अचरज नहीं की मंदसौर - नीमच, उज्जैन - आलोट, शाजापुर - देवास, रतलाम - झाबुआ में से किसी भी सीट से भाजपा का शीर्ष राष्ट्रीय नेता चुनाव लड़ जाए। क्योंकि, यह चारो सीट सुरक्षित और जीत निश्चित भी है।

# विरासत और विकास का प्रमाण है विक्रमादित्य वैदिक घड़ी- प्रधानमंत्री

**उज्जैन, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उज्जैन के वेधशाला में लगी विश्व की पहली वैदिक घडी का वर्चुअल लोकार्पण करते हुए कहा है कि हमारी सरकार विरासत और विकास को कैसे साथ लेकर चल रही है इसका प्रमाण उज्जैन में लगी वैदिक घडी भी है। इस दौरान उन्होंने उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ 2028 का जिक्र करते हुए बताया कि इंदौर के इच्छापुर से औंकारेश्वर तक फोरलेन सडक बनाया जा रहा है जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी।

प्रधानमंत्री ने लाल परेड ग्राउंड भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से उज्जैन जिले के लगभग 1819.549 करोड की लागत के विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने वैदिक घडी का लोकार्पण करते हुए कहा कि कल से एमपी में 9 दिन का विक्रमोत्सव शुरु होने वाला है। यह हमारी गौरवशाली विरासत और वर्तमान के विकास का उत्सव है। हमारी सरकार विरासत और विकास को कैसे साथ लेकर चल रही है इसका प्रमाण उज्जैन में लगी वैदिक घडी भी है। बाबा महाकाल की नगरी कभी पूरी दुनिया के लिए काल गणना का केंद्र थी लेकिन उस महत्व को भूला दिया गया था। हमने विश्व की पहली विक्रमादित्य वैदिक घडी फिर से स्थापित की है ये सिर्फ अपने समृद्ध अतित को पून: याद करने का अवसर भर है ऐसा नहीं है। यह उस काल चक्र की भी साक्षी बनने वाली है जो भारत को विकसित बनाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने की। राज्यपाल मंगूभाई पटेल कार्यक्रम में उपस्थित थे। उज्जैन जंतर मंतर वेधशाला परिसर में कार्यक्रम केक सीधे प्रसारण की व्यवस्था नगर निगम ने की थी। इस स्थान पर काफी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

**वैदिक घडी निर्माता के माता-पिता का सम्मान**–उज्जैन में वर्चुअल कार्यक्रम के तहत वेधशाला जन्तर-मन्तर के समीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं पत्रकारों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में वैदिक घडी बनाने वाले लखनउ के आरोह श्रीवास्तव के माता-पिता को अतिथियों ने सम्मानित किया। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का निर्माण लखनऊ की संस्था 'आरोहण' के आरोह श्रीवास्तव ने बनाई है। इसमें ऋद्धक के 24 घंटों को 30 मुहूर्त (घटी) में बांटा गया है। हर घटी का धार्मिक नाम और खास मतलब होगा। घड़ी में घंटे, मिनट और सेकंड वाली सुई भी रहेगी। सूर्योदय और सूर्यास्त के आधार पर यह टाइम की कैलकुलेशन करेगी। मुहूर्त गणना, पंचांग, मौसम से जुडी जानकारी भी हमें इस घडी के जरिए मिलेगी। उज्जैन कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने एनयूएलएम योजना अन्तर्गत पांच हितग्राहियों को चेक वितरित किये। इसी तरह स्वच्छ भारत अभियान अन्तर्गत थर्ड थीम पद्धति पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन गत जनवरी माह में किया गया था। इस दौरान प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं चेक भेंट किये गये।

**मोबाईल एप भी लांच होगा**–वैदिक घडी से जुड़ा मोबाइल ऐप भी लॉन्च होगा। वैदिक घड़ी के सभी फीचर इस एप में रहेंगे। उज्जैन में लगने वाली घडी में जो बदलाव होंगे, वो एप में भी शो होंगे। इसे मैन्युअल भी ऑपरेट किया जा सकेगा। प्ले स्टोर से इसे डाउनलोड किया जा सकेगा। उज्जैन को काल गणना (टाइम कैलकुलेशन) का केंद्र माना जाता रहा है। उज्जैन से कर्क रेखा (ट्रॉपिक ऑफ कैंसर) गुजरी है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के अथक प्रयास से उज्जैन को टाइम कैलकुलेशन का सेंटर बनाने की भूमिका रही है।

**विक्रमादित्य वैदिक घडी : विरासत पर एक नजर**–जंतर मंतर वेधशाला परिसर में नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा 85 फीट उंचे टावर का निर्माण करवाया गया है जिस पर विश्व की एकमात्र और पहली वैदिक घडी स्थापित की गई। यह घडी दिन-रात के समय के साथ ही मुहुर्त समेत कई जानकारियां दर्शाएगी। वैदिक घडी में एक दिन में 24 नहीं, बल्कि 30 घंटे होंगे, एक घंटा 48 मिनट का रहेगा। यह दुनिया की पहली ऐसी डिजिटल घडी होगी, जिसमें इंडियन स्टैंडर्ड टाइम और ग्रीनविच मीन टाइम के साथ पंचांग और मुहूर्त की जानकारी मिलेगी। वैदिक घडी की विशेषता है कि लोग इसके बैकग्राउंड में हर घंटे देश-विदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों की तस्वीर देख पाएंगे। एक वक्त में द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर, नवग्रह, राशि चक्र दिखाई देंगे तो दूसरे वक्त देश-दुनिया में होने वाले सबसे खूबसूरत सूर्यास्त, सूर्य ग्रहण के नजारे। एप डाउनलोड कर स्मार्ट वाच और मोबाइल में भी घडी के साथ इन नजारों को देखा जा सकेगा। वैदिक घडी के एप्लीकेशन में विक्रम पंचांग



भी समाहित है, जो सूर्योदय से सूर्यास्त की जानकारी के साथ ग्रह, योग, भद्रा, चंद्र स्थिति, नक्षत्र, चौघडिया, सूर्यग्रहण, चंद्रग्रहण की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएगा। घडी में पल-पल शहर का तापमान, हवा की गति, मौसम में नमी, हिंदू कैलेंडर अनुरूप माह का नाम भी दर्शाया गया है। उज्जयिनी की स्थापना सृष्टि के आरंभ से ही मान्य की जाती रही है। दुनियाभर में उज्जयिनी से निर्धारित और प्रसरित कालगणना नियामक रही है। भारतीय कालगणना विश्व की प्राचीनतम, सूक्ष्म, शुद्ध, त्रुटिरहित, प्रामाणिक एवं विश्वसनीय पद्धति है। काल/परिमाण की इस सर्वाधिक विश्वसनीय पद्धति का पुनरस्थापन विक्रमादित्य वैदिक घडी के रूप में उज्जैन में किया जा रहा है। भारतीय खगोल सिद्धांत और ब्रम्हाण्ड के ग्रह नक्षत्रों की गति पर आधारित भारतीय काल गणना में समय के न्यूनतम अंश का भी समावेश किया जाता है। इसकी गणना में परमाणु से लेकर कल्प तक का विचार है। मुहूर्त, घटी, पल, कास्ता, प्रहर, दिन-रात, पक्ष, अयन, सम्वत्सर, दिव्यवर्ष, मन्वन्तर, युग, कल्प, ब्रम्हा मुख्य आधार है।

# मंदसौर संसदीय क्षेत्र में भाजपा का आज से वृहद लाभार्थी संपर्क अभियान प्रारंभ

**मंदसौर, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की कार्य योजनानुसार एंव भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा एंव लाभार्थी संपर्क अभियान के प्रदेश संयोजक आशुतोष तिवारी के निर्देशानुसार मंदसौर संसदीय क्षेत्र की लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यक्रम की जिला/मंडल एंव बूथ स्तरीय कार्यशालाएं सम्पन्न हुई। कार्यशालाएं सम्पन्न होने के पश्चात दिनांक 02 मार्च से 04 मार्च तक तीन दिवसीय लाभार्थी संपर्क अभियान के संसदीय क्षेत्र के 2150 बूथों पर चलाया जायेगा। जिसके अंतर्गत संसदीय क्षेत्र के संगठन के समस्त पदाधिकारी एंव समस्त जनप्रतिनिधि इस लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत बूथों पर पंहुचेगें। बूथ पर रहने वाले प्रत्येक लाभार्थी से संपर्क कर आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को बूथ पर 61 प्रतिशत वोट प्राप्त करने में सहयोग लेगें। वृहद लाभार्थी संपर्क अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए लाभार्थी संपर्क अभियान के लोकसभा संयोजक भाजपा जिला महामंत्री गणपतसिंह आंजना एंव टोली के सदस्य सुखलाल पंवार, श्रीमति निर्मला गुप्ता ने कहा की इस लाभार्थी संपर्क अभियान में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा मंदसौर उत्तर मंडल के बूथ क्रमांक 74, राज्यसभा सांसद एंव किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर मंदसौर ग्रामीण एंव मंदसौर उत्तर मंडल के बूथ क्रमांक 32, 33, 56, 59, सांसद सुधीर गुप्ता मंदसौर उत्तर मंडल के बूथ क्रमांक 44, 47, लोकसभा प्रभारी बजरंग पुरोहित, लोकसभा संयोजक देवीलाल धाकड भानपुरा मंडल के बूथ क्रमांक 73, भाजपा जिलाध्यक्ष मंदसौर नानालाल अटोलिया दलौदा, मंदसौर ग्रामीण एंव मंदसौर उत्तर मंडल के बूथ क्रमांक 257, 183, 51, भाजपा जिलाध्यक्ष नीमच पवन पाटीदार, भाजपा जिलाध्यक्ष रतलाम प्रदीप उपाध्याय, विधायक हरदीपसिंह डंग सुवासरा मंडल के बुथ क्रमांक 10, विधायक चन्दरसिंह सिसौदिया गरोठ मंडल के कोटडा खुर्द, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया मंदसौर उत्तर मंडल के बूथ क्रमांक 62, 68, पूर्व विधायक कैलाश चावला मंदसौर उत्तर मंडल के 102, 103, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर बूथ क्रमांक 45, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार सुवासरा मंडल के बूथ क्रमांक 230, नगरपालिका अध्यक्ष रमा देवी गुर्जर मंदसौर उत्तर मंडल के बूथ क्रमांक 97, 100 पर पंहुचेंगे। इसी प्रकार समस्त अन्य जनप्रतिनिधिगण, संगठन के जिला एंव मंडल व मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण बूथ पर जाकर वृहद लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत बूथ पर जाकर लाभार्थी परिवार से संपर्क करेगें। इस अभियान के निमित्त जिला भाजपा कार्यालय पर मंदसौर पर कॉल सेंटर भी स्थापित किया गया है। जिसके माध्यम से इस अभियान की लोकसभा स्तरीय मॉनिटरिंग की जायेगी।

## गोगरपुरा खदान में ब्लास्टिंग को लेकर दो पक्षों में विवाद, 7 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गोगरपुरा में खदान में ब्लास्टिंग को लेकर पक्षों में विवाद के बाद पुलिस ने 7 लोगों पर क्रास प्रकरण दर्ज किया। मुलतानपुरा निवासी सदाकत बकरिया ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि में गोगरपुरा अपने सेठ फईम शेख के खेत पर जा रहा था इसी दौरान किटियानी मंदसौर निवासी सेफ अली पिता अजीम बाबू, शुभम कालोनी मंदसौर निवासी आफताब पिता अयुब हुसेन व वासीद पिता अयुब हुसेन, मुलतानपुरा निवासी अशफाक पिता बशीर हुसेन मिले और बोले कि तू फईम शेख के यहां काम करे मत जाना। मैंने उन्हें कहा कि तुम्हें क्या दिक्कत है तो चारों ने मिलकर गाली-गलौज की, लात-घुसों व लट्ठ से मारा, जिससे मुझे चोंटे आई। पुलिस ने चारों आरोपियों पर केस दर्ज किया। इसी तरह बोतलगंज निवासी जाहिद सोणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गोगरपुरा में अजीम बाबू व आफताब हुसेन की खदानें है, शाम को खदानों पर मुलतानपुरा निवासी सद्दाम पिता अनवर बकरिया, मंदसौर सैयद रोड निवासी अरमान पिता मुख्त्यार शेख व धारियाखेडी निवासी फईम पिता शहजाद उर्फ रुपला मजदूरों से ब्लास्टिंग करवा रहे थे, मैंने अवैध रुप से ब्लास्टिंग करने से मना किया तो तीनों ने गाली-गलौज कि व मारपीट की। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## शादी के लिए मना किया तो पीटा

**पिपलियामंडी, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शादी करने की मना किया तो युवक ने मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज किया। कचनारा निवासी कंवरलाल पिता मानसिंह बागरी ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी बेटी लक्ष्मी की सगाई गांव कचनारा के ही राहुल पिता मुकेश बागरी के साथ हुई थी, राहुल के शराब पीने के कारण मेरी बेटी ने शादी के लिए मना कर दिया तो राहुल अपने चचेरे भाई अर्जुन पिता पर्वत को लेकर घर आया तो मेरे साथ मारपीट की, जिससे मेरे पीठ व पैर में चोंटे आई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर भगोर पर शिवमहापुराण कथा कल से

**सुवासरा, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भृगु बाबा की पावन नगरी ग्राम भगोर में सात दिवसीय महाशिवरात्रि उत्सव मनाया जाएगा, 2 से 8 मार्च तक श्री शिव महापुराण कथा होगी, कथा व्यास परम पूज्य गुरुदेव राष्ट्रीय संत ड्रा मिथलेश जी नागर रहेंगे, 2 मार्च भव्य कलश यात्रा, शोभायात्रा के साथ कथा का शुभारंभ होगा।



2 मार्च सुबह 9 बजे से नीलकंठ महादेव मंदिर चंबल नदी से भव्य कलश यात्रा शुरू होगी जो चारभुजा नाथ मंदिर, बस स्टेंड, शीतला माता चोक होते हुए कथा स्थल तक पहुंचेगी जो माता और बहने कलश उठाना चाहती है उनके लिए कलश की व्यवस्था समिति द्वारा निशुल्क: रहेगी, कथा 2 मार्च से 8 मार्च तक चलेगी, कथा का समय दोपहर 12 से 3 बजे तक का रहेगा, 5 मार्च को रात्रि में 8 बजे से प्रभु इच्छा तक विशाल सुंदर काण्ड का आयोजन भी किया जाएगा। 8 मार्च को महाशिवरात्रि के महापर्व पर कथा का समापन होगा, 8 मार्च को सुबह 9 बजे से उज्जैन के आचार्यों द्वीरा महारूद्रभिषेक, हवन पूजन शुरू होगा फिर दोपहर 1 बजे से पूर्णाहुति और महाप्रसादी वितरण की जाएगी और 8 मार्च शाम को 7 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन भी रखा गया हे जिसमे मुंबई की सुप्रसिद्ध भजन गायिका मेघा चौहान, के द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी विशेष रूप से इंदौर, दिल्ली से झांकियां भी रहेगी कथा में पधारे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिये कथा स्थल पर व्यापक व्यवस्था की गई है 19 वर्ष से लगातार नीलकंठ महादेव समिती के तत्वाधान में प्रति वर्ष सफल आयोजन हो रहे है। नीलकंठेश्वर महादेव समिति भगोर के सदस्यों और समस्त ग्रामवासियों ने सभी शिव भक्तो से अधिक से अधिक संख्या में पधार कर कार्यकम को सफल बनाने का निवेदन किया है।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए राजेश रघुवंशी सैलाना के प्रभारी नियुक्त

**मंदसौर, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कांग्रेस के शीर्ष नेता श्री राहुलजी गांधी की भारत जोडो न्याय यात्रा मध्यप्रदेश में दिनांक 02 मार्च शनीवार को मुरैना से प्रवेश करेगी और ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, राधोगढ, व्यावरा, सारंगपुर, शाजापुर, मक्सी होते हुए 05 मार्च को उज्जैन पहंचेगी। दिनांक 06 मार्च 2024 को श्री राहुलजी गांधी की भारत जोडो न्याय यात्रा बडनगर, बदनावर, रतलाम एवं सैलाना होते हुए अगले दिन राजस्थान में प्रवेश करेगी। सेलाना में यात्रा को सफल बनाने हेतु जिला कांग्रेस मंदसौर के संगठन मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री राजेश रघुवंशी को प्रभारी नियुक्त किया गया है। मंदसौर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री एवं प्रवक्ता श्री सुरेश भाटी नें बताया कि न्याय यात्रा के दौरान होने वाले संवाद, रोड शो एवं सभा के लिए बदनावर में नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंगार एवं पूर्व मंत्री श्री सज्जनसिंह वर्मा को प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह रतलाम के लिए पूर्व मंत्री श्री बाला बच्चन एवं सैलाना के लिए मंदसौर जिले के संगठन मंत्री श्री राजेश रघुवंशी को न्याय यात्रा का प्रभारी बनाया गया है। राहुल गांधी जी का रात्री विश्राम सैलाना विधानसभा में होगा, जहां से वे अगले दिन 07 मार्च को राजस्थान के लिए प्रस्थान करेंगे।



# विधायक मारू ने पड़दा पंचायत में सुना प्रधानमंत्री मोदी का लाइव प्रसारण, विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया

**मनासा, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** विकसीत भारत विकसीत मध्यप्रदेश के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र जी मोदी द्वारा वीसी के माध्यम से 17551 करोड की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपुजन किया गया। साथ मे समस्त जिलों में साइबर तहसील का शुभारंभ तथा विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का उद्घाटन भी किया। मनासा विधायक अनिरूद्ध (माधव) मारू ने पडदा पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में पहुँच प्रधानमंत्री श्री मोदी का लाइव संवाद सुना और मनासा विधानसभा में विधायक निधि से निर्मित 15.12 करोड एवं सांसद निधि से 4.50 करोड के विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपुजन किया। साथ ही लोक निर्माण विभाग से बनने वाली 9 सड़को का भूमिपूजन भी किया। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष पवन पाटीदार, विधानसभा प्रभारी नरेंद्र मालवीय, एसडीएम पवन बारिया, सीईओ अरविंद डामोर, प्रद्युम्न मारू, मण्डल अध्यक्ष कैलाश पुरोहित, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्याम वसीटा, जनपद सदस्य विजय शर्मा, सरपंच सुभाष श्रीमाल, अन्य पंचायत सरपँच आदि मंचासीन थे। पड़दा को पड़दा से गंगाबावडी सड़क दूरी 2.70 किमी लागत 350 लाख का की सड़क की सौगात इस अवसर पर मिली। विधायक मारू ओर मंचासीन अतिथियों ने इसका भी भूमिपूजन किया।

**इन सड़कों का भूमिपूजन हुआ**– उक्त कार्यक्रम में पालड़ा से छोटा पालडा मार्ग दूरी 1.24 किमी लागत 115 लाख, देवरान बायपास मार्ग दूरी 1 किमी लागत 101 लाख, बाक्या खेड़ा पहुंच मार्ग दूरी 1 किमी लागत 101 लाख, प्रतापपुरा पहुंच मार्ग दूरी 1 किमी लागत 102 लाख, बरडिया से भोपाली पहुंच मार्ग दूरी 1.60 किमी लागत 115 लाख, मोकडी चौराहा से नगपुरा रोड दूरी 1.50 किमी लागत 135 लाख, बसंतपुरा से बडोदिया दूरी 2.50 किमी लागत 198 लाख, मनासा कंजार्डा रोड से डीकेन मार्ग (कंजाड़ा बायपास) दूरी 1.02 किमी लागत 105 लाख, पड़दा से गंगाबावडी सड़क दूरी 2.70 किमी लागत 350 लाख का भूमिपूजन किया गया।

**70 साल बाद मिलेगी सड़क**– गंगाबावडी वासियों को आजादी के 70 साल बाद डामरीकरण की सौगात मिलेगी। हॉल ही में विधायक मारू की अनुशंसा पर विधानसभा बजट में उक्त सड़क की स्वीकृति मिली थी। आज प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इसका वर्चुअल भूमिपुजन किया। करीब 2.70 किमी लंबी सड़क निर्माण के लिए 350 लाख की राशि खर्च होगी। ग्रामीणों में सड़क बनने लेकर खासा उत्साह है। ग्रामीणों ने विधायक मारू को धन्यवाद दिया और प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार माना।

## चोरी की 4 बाइक बरामद, 3 गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ पुलिस ने चोरी की 4 बाइक बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार पुलिस ने चेकिंग के दौरान बिना नम्बर की बाइक पर सवार व्यक्ति को रोका, पूछताछ के दौरान उसने अपनी पहचान रुपी निवासी तेजमल पिता राधेश्याम होना बताई। बाइक की दस्तावेज नही थी, सख्ती से पूछताछ के दौरान आरोपी ने बाइक चोरी की होना स्वीकार किया। आरोपी ने अम्बाव निवासी दिलखुश पिता शांतिलाल बावरी के साथ बाइक चोरी करना कबूल किया। इस आधार पर पुलिस ने दिलखुश को भी पकड़ा। दिलखुश से भी एक चोरी की बाइक बरामद हुई। दोनों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह चोरी की बाइक घोटारसी (हथुनिया, प्रतापगढ) निवासी नाहरु पिता बालमुकुन्द मीणा को 10 से 11 हजार रुपए में बेच देते है। पुलिस ने नाहरु को पकडा तो नाहरु से भी चोरी की 2 बाइक बरामद हुई। पुलिस ने चारों बाइक बरामद कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने बताया बाइक उन्होंने मनासा, दलौदा, जावरा व अरनोद से चुराई थी।



## सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों का सम्मान

**नीमच, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं एडीएम सुश्री नेहा मीना की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में सेवानिवृत्ति शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं एडीएम नेहा मीना ने शाल एवं श्रीफल भेंट कर, सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों का सम्मान किया। जिला पेंशन कार्यालय की ओर से सभी सेवानिवृत्त सेवकों को पेंशन भुगतान आदेश एवं जीएफ भुगतान आदेश भी प्रदान किए गए। इस मौके पर जिला पेंशन अधिकारी श्री लक्ष्मीनारायण चौहान एवं पेंशन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

## तीन लाख 80 हजार प्रकरणों का समाधान

**मंदसौर, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर लम्बित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिये 10 मार्च 2024 तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। वर्ष 2023 से अब तक राजस्व महाअभियान में 3 लाख 80 हजार प्रकरणों का समाधान हो चुका है। इनमें नामांतरण, बँटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, नक्शे पर तरमीम संबंधी प्रकरण शामिल है। राज्य स्तर, जिले स्तर, तहसील स्तर पर प्रतिदिन प्रकरणों के निराकरण की मॉनीटरिंग के लिये राजस्व महाभियान में 31 दिसंबर 2023 तक समय-सीमा पार कर चुके 2,42,824 लंबित प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य रखा गया था। इसमें 2,14,100 (लगभग 88%) समय सीमा पार लम्बित प्रकरणों का निराकरण अभियान के दौरान किया जा चुका है। नामांतरण के 94%, बंटवारा के 99%, सीमांकन के 86% और अभिलेख दुरुस्ती के 58% प्रकरणों का निराकरण हुआ है। वर्तमान में 15 जनवरी से चल रहे अभियान में लगभग 2.5 लाख नये प्रकरणों को भी शामिल किया गया है, जिनका 64% से अधिक लगभग 1.65 लाख प्रकरणों का निराकरण राजस्व महाअभियान में किया गया है।

## भाजपा लोकसभा चुनाव प्रबंधन एवं संचालन समिति की बैठक आज

**मंदसौर, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने अपनी संगठनात्मक तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसी क्रम में आज संसदीय क्षेत्र की लोकसभा चुनाव प्रबंधन एंव संचालन समिति की आवश्यक बैठक उज्जैन संभाग के क्लस्टर प्रभारी, मध्य प्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एंव युवा कल्याण विभाग मंत्री माननीय विश्वास कैलाश सारंग के मुख्य आतिथ्य में दिनांक 01 मार्च 2024 को जिला भाजपा कार्यालय मंदसौर पर प्रात: 11:45 बजे पर आयोजित की गई है। बैठक में उज्जैन संभाग संगठन प्रभारी जितु जिराती, राज्यसभा सांसद एंव भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर, सांसद सुधीर गुप्ता, मंदसौर संसदीय क्षेत्र चुनाव प्रभारी बजरंग पुरोहित, लोकसभा चुनाव संयोजक देवीलाल धाकड़, भाजपा जिलाध्यक्षगण नानालाल अटोलिया, पवन पाटीदार, प्रदीप उपाध्याय सहित लोकसभा चुनाव प्रबधन एंव संचालन समिति के सदस्यगण उपस्थित रहेगें। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

## संत निरंकारी सत्संग 3 मार्च को

**नीमच, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** संत निरंकारी मंडल नई दिल्ली से पंजीकृत संबंधित संत निरंकारी मिशन जिला शाखा नीमच के तत्वावधान में संत निरंकारी मिशन नई दिल्ली की सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज के मार्ग दिशा निर्देशन में विशाल निरंकारी सत्संग का आयोजन निरंकारी मिशन उदयपुर की शांतिदूत ज्ञान प्रचारक परम पूज्य बहन रेनू जी के श्री मुख से 3 मार्च रविवार 4 बजे से 6 बजे तक सत्संग भवन मालखेड़ा रोड पर आयोजित किया जाएगा। सीएम व्यास, सर्वसाध संगत नीमच ने बताया कि लंगर प्रसादी का आयोजन श्रीमती सुनीता कंवर एवं अर्जुन सिंह के तीसवीं वैवाहिक परिणय दिवस के पावन उपलक्ष्य में आयोजित किया जाएगा।

## छुरे के साथ पकड़ा

**पिपलियामंडी, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** धारदार हथियार से आमजन को भयभीत करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा। मल्हारगढ पुलिस ने लोहे के छुरे से आमजन को डरा रहे मोल्याखेडी निवासी नेपालसिंह पिता रामसिंह राजपूत को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आम्र्स एक्ट में केस दर्ज किया।

# 1500 से अधिक मतदाता संख्या वाले मतदान केंद्रों पर सहायक मतदान केंद्र बनाए जाने का जल्द भेजें प्रस्ताव-राजन

**नीमच, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बुधवार को निर्वाचन सदन भोपाल से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रें सिंग के माध्यम से बैठक की। लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ चर्चा की। इस दौरान श्री राजन ने कहा कि 1500 से अधिक मतदाता संख्या वाले मतदान केंद्रों पर सहायक मतदान केंद्र बनाए जाने का जल्द से जल्द प्रस्ताव भेजे। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए प्राप्त हुए लंबित आवेदनों का एक सप्ताह में निराकरण करें। मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो। मृत व दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाता ना हो, यह सुनिश्चित कराएं। सेक्टर अधिकारी मतदान केंद्रों का भ्रमण करें। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों में तेजी लाएं। श्री राजन ने कहा कि 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके युवाओं का नाम जोड़ने अभियान चलाएं।

इन बिंदुओं पर की चर्चा-लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 1500 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्रों के सहायक मतदान केंद्र बनाये जाने की कार्यवाही, मतगणना स्थल के प्रस्ताव की तैयारी का विवरण, स्पेशल एज्युकेटिव मजिस्ट्रेट की शक्तियां दिए जाने का प्रस्ताव, फॉर्म 6, 7, 8 के प्राप्त हुए आवेदनों का निराकरण, मतदाता फोटो पहचान-पत्रों का वितरण, विभिन्न नोडल अधिकारियों की नियुक्तियां, निर्वाचन सामग्री की व्यवस्था, मतदान दल/मतगणना दल का गठन एवं प्रशिक्षण दिनांक का निर्धारण, मतदान केंद्र की तैयारी, वल्नरेबिलिटी मैपिंग, स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निर्धारण, एफएसटी, एसएसटी और वीएसटी दलों का गठन, नाकों का निर्धारण, इंटर स्टेट बॉर्डर मीटिंग, रिटर्निंग अधिकारी स्तर पर सूचना केंद्र की स्थापना, सम्पत्ति विरुपण दल का गठन, सहायक व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति, रूट चार्ट का निर्धारण, स्पेशल पुलिस अधिकारी की नियुक्ति का प्रस्ताव, काउंटिंग टेबल का निर्धारण सहित निर्वाचन से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा की। बैठक के दौरान अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राकेश सिंह, तरूण राठी और श्री बसंत कुर्रे उपस्थित रहे।

# रक्तदानदाताओं का सम्मान मानव जीवन को बचाने में प्रेरणा बनेगा

**मंदसौर, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जनसारंगी सेवा समिति एवं नंदसेवा सकल्प समिति मंदसौर व रक्तक्रांति फाउंडेशन गुजरात के तत्वावधान में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, उडिसा, बिहार, उतरप्रदेश, समेत विभिन्न राज्यों से आए 200 से अधिक रक्तदानदाताओं ओर स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्टकार्य करने वाले को कुशा भाऊठाकरे आडोटोरियम में राष्ट्रीय पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। मंदसौर की धरा पर ऐसा बिरला आयोजन पहली बार हुआ, जहा पर देश के कोने कोने से आए बंधु और मातृशक्ति ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूत पूर्व उल्लेखनीय कार्य किए। अनेक लोग तो 100 से अधिक बार रक्तदान दे चुके तो कई ने अंगदान और मानव को बचाने में अपन पुरा जीवन समर्पित कर दिया। एक महिला ने सेवा के क्षेत्र में ऐसी मिसाल कायम की है जो सदियों तक स्मरणीय रहेगी। बगैर परिचय के एक जरूरत मंद को अपनी एक किडनी दान कर दी।

समारोह राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपालसिंह सिसोदिया ने की। विशेष अतिथि के रूप में विधायक विपीन जैन, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मानसिंह माच्छोपुरिया, शासकीय महाविद्यालय जन भागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी, अग्रवाल समाज देशी पंचायत अध्यक्ष श्री आशीष गुप्ता, एडवोकेट श्री गौरव रत्नावत उपस्थित थे। इस अवसर पर रक्तक्रांति फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री भुपेन्द्र दवे, जनसारंगी सेवा समिति से श्री नरेन्द्र अग्रवाल, श्री लोकेश पालीवाल व नंद सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष दयाराम चौहान, सक्षम संस्था के डा रविंद्र पांडेय, अपना घर के संस्थापक अध्यक्ष श्री राव विजयसिंह ओर वैश्य महासम्मेलन के जिला महामंत्री श्री भगवानदास विजयवर्गीय भी मंचस्थ थे। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा को पुनित कार्य माना जाता है और लेकिन इसमें भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो सेवा की जाती है उसे सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश भाजपा प्रवक्ता यशपालसिंह सिसोदिया ने कहा कि एक समय था जब अपनों को अपने भी रक्त देने से घबराते थे लेकिन उस दौर में भी रक्तदानदाता जीवनदाता बनकर सामने आते थे, उन्होंने न केवल रक्तदान कर एक व्यक्ति का जीवन बचाया बल्कि अपने साथियों को भी इसके लिए प्रेरित किया जिसके कारण आज बड़ी संख्या में रक्तदानदाता है। मानव जीवन



के लिए रक्त सबसे महत्वपूर्ण है। विशेष अतिथि विधायक श्री विपीन जैन ने कहा कि सेवा के संस्कार मंदसौर की माटी में समाहित है। इस धरा पर विभिन्न राज्यों से आऐ रक्तदानदाताओं का सम्मान पूरे प्रदेश में सेवा की एक मिसाल कायम करेंगा। आरम्भ में अतिथियों का स्वागत नरेंद्र अग्रवाल, लोकेश पालीवाल, नंद सेवा समिति की ओर से अध्यक्ष दयाराम चौहान, उपाध्यक्ष राजेश राठौर, सचिव डा आबिद अंसारी, कोषाध्यक्ष धर्म वीर रत्नावत, सह सचिव राजेश चौधरी, जिला प्रभारी मोहित चौहान, जिलाध्यक्ष आदित्य चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता दाऊभाई विजयवर्गीय, सुरेश सोमानी, रमेश काबरा, प्रदीप भाटी, श्रीमती रानी अनिल अग्रवाल, मेजर उषा कुमावत सहित बडी संख्या में उपस्थित लोगों ने किया। कार्यक्रम का संचालन लता मंगेशकर संगीत महाविद्यालय जन भागीदारी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार त्रिवेदी ने किया तथा आभार लोकेश पालीवाल ने माना।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 9 | 2181 | 2232 |
| उडद | 2 | 6000 | 8300 |
| सोयाबीन | 3400 | 3920 | 4560 |
| गैहु | 4000 | 2100 | 3000 |
| चना | 548 | 4901 | 5676 |
| मसुर | 6000 | 4945 | 5629 |
| धनिया | 780 | 5101 | 6771 |
| लहसुन | 21000 | 3800 | 12500 |
| मैथी | 403 | 5001 | 6601 |
| अलसी | 390 | 4400 | 5200 |
| सरसो | 1848 | 4301 | 4798 |
| तारामीरा | 1 | 4671 | 4671 |
| इसबगोल | 2 | 15530 | 15901 |
| प्याज | 756 | 600 | 1603 |
| कलोंजी | 30 | 8801 | 17280 |
| डॉलर | 000 | 0000 | 0000 |
| तिल्ली | 1 | 13650 | 13650 |
| मटरसुखी | 2 | 2661 | 3001 |
| असालीया | 263 | 5300 | 7150 |


MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
सांस्कृतिक अभ्युदय से समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ता मध्यप्रदेश
विक्रमादित्य युगीन भारत उत्कर्ष
नव जागरण और भारत विद्या पर एकाग्र
विक्रमोत्सव 2024
का
शुभारंभ
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
एवं
रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव
• ₹8000 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास
• 169 उद्योगपतियों को ₹6774 करोड़ की भूमि का आवंटन
उज्जयिनी विक्रम व्यापार मेला
• वाहनों के आरटीओ पंजीयन पर 50% की छूट
• हथकरघा एवं हस्तशिल्प की दुकानें आकर्षण का केन्द्र
विक्रम सांस्कृतिक पर्व
• 1 मार्च से 9 अप्रैल तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन
• भारत के कालजयी महानायकों की तेजस्विता के संग्रहालय 'वीर भारत न्यास' का शिलान्यास
• उज्जैन के रामघाट पर 25 लाख दीपों का प्रज्वलन एवं उज्जयिनी गौरव दिवस का आयोजन
का उद्‌घाटन
तथा
1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को ₹1576 करोड़ का अंतरण
अब तक दी गई कुल ₹ 13,082 करोड़ की सहायता
1 मार्च, 2024 - प्रात: 10:30 बजे - कालिदास अकादमी, बहिरंग, उज्जैन
D-11221/23
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश शासन

# प्रधानमंत्री ने 99.14 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले औद्योगिक पार्क मंदसौर का वर्चुअल भूमिपूजन किया

## 5 करोड़ 52 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 12 निर्माण कार्यों का भी वीसी के माध्यम से भूमि पूजन किया

**मंदसौर, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** विकसित भारत-विकसित मध्यप्रदेश के अंतर्गत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वीसी के माध्यम से विश्व की पहली 'वैदिक घडी' सहित मध्यप्रदेश में विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास एवं समस्त जिलों में साइबर तहसील का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 99.14 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले औद्योगिक पार्क मंदसौर (जग्गाखेडी चरण-2) का वर्चुअल भूमिपूजन किया। इस पार्क का कुल क्षेत्रफल 72.38 हेक्टेयर क्षेत्र है। यह पार्क आगामी 18 माह की अवधि में पूर्ण होगा। इस पार्क के निर्माण से जिले के 1100 लोगो को रोजगार प्राप्त होगा। मल्टी प्रोडक्ट औद्योगिक पार्क जिसमें सीमेंट कंक्रीट रोड, पुलिया, जल आपूर्ति, सीवर सिस्टम, ड्रेनेज, विद्युतीकरण कार्य आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं प्राप्त होगी। विकसित भारत-विकसित मध्यप्रदेश के अंतर्गत भूमि पूजन का जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर पालिका सभागृह में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, पार्षद गण, अन्य सभी जनप्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, अपर कलेक्टर श्री विशाल सिंह चौहान, अन्य अधिकारी कर्मचारी, बडी संख्या में आम नागरिक, पत्रकार मौजूद थे।



**प्रधानमंत्री ने 5 करोड 52 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 12 अन्य निर्माण कार्यों का भी वीसी के माध्यम से भूमि पूजन किया**–प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मंदसौर जिले के 12 अन्य निर्माण कार्य जो की 5 करोड 52 लाख रुपए की लागत से निर्मित होंगे उन निर्माण कार्यों का वीसी के माध्यम से भूमि पूजन किया। इन निर्माण कार्यों में 1 करोड़ 12 लाख से निर्मित होने वाला जगाखेडी नई आबादी बस्ती से साबाखेडा पलेवना तक सडक मार्ग, 40-40 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले भीमरूण्डी हनुमान मंदिर व ग्राम ससोद में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थाई शेड निर्माण, धुंधडका में यात्रियो के विश्राम के लिए स्थाई शेड निर्माण, आकोदडा में मगरा माताजी मंदिर पर यात्रियों के विश्राम के लिए स्थाई शेड निर्माण, ढावला देवल में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थाई शेड निर्माण, रामदेव मंदिर कचनारा में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थाई शेड निर्माण, हरनेश्वर महादेव मंदिर घसोई में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थाई शेड निर्माण, सॉवरिया मंदिर गरडा में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थाई शेड निर्माण, बकाना में भडकेश्वर माताजी मंदिर में यात्रीयों के विश्राम के लिए स्थाई शेड निर्माण, शनि मंदिर अरनिया जटिया में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थाई शेड निर्माण, आंत्री खुर्द में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थाई शेड निर्माण, बरखेडा देव में यात्रियों के विश्राम के लिए स्थाई शेड निर्माण कार्य शामिल है।

# श्री खाटूश्याम मंदिर विवाद का भक्तों के मंदिर में प्रवेश के साथ हुआ अंत

## गुरुदेव आशीष शर्मा का मंदसौर आगमन पर हुआ स्वागत



**मंदसौर, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री खाटूश्याम मंदिर में पिछले 8 माह से मंदिर के बाहर से आरती कर रहे श्याम भक्तों को मंदिर में बाबा के दर्शन कराने के लिए श्री खाटू श्याम मन्दिर मन्दसौर के पूर्व प्रधान पुजारी श्री आशीष शर्मा का आज मन्दसौर नगर मंक आगमन हुवा। ज्ञात हो कि मन्दिर ट्रस्ट द्वारा 8 माह पूर्व जुलाई 2023 में पंडित श्री आशीष शर्मा की अचानक सेवा समाप्त कर दी गई थी। जिसके विरोध में श्याम भक्तों और पुजारी श्री आशीष शर्मा के शिष्यों ने यह प्रण लिया था की अब मन्दिर की सीढ़िया गुरू आशीष शर्मा के साथ ही चढ़ेंगे। इस कारण मन्दिर में हो रहे विवाद को हल करने के और श्याम भक्तों को मन्दिर में बाबा के दर्शन कराने के लिए प. श्री आशीष शर्मा आज 29 तारीख को मन्दसौर आएं।

पं. आशीष शर्मा के आगमन पर उनके शिष्यों और श्याम भक्तों द्वारा महाराणा प्रताप चौराहे से सुबह 10.30 बजे खाटू श्याम मन्दिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें मन्दसौर के आसपास के अंचलों से कई श्याम भक्त सम्मिलित हुवे। सभी भक्त डीजे, ढोल के साथ पं. आशीष शर्माजी को बग्गी पर बिठाकर झूमते नाचते मन्दिर तक आए और आशीष के साथ मन्दिर की सीढ़िया चढ़कर अपने प्रण को आंखों में आसूं लिए पूरा किया। इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक विपिन जैन, बीजेपी के पूर्व जिला महामंत्री अजय सिंह चैहान, सत्यप्रकाश गर्ग, बी एस सिसोदिया, रमेश चंद्र चंद्रे ,रविन्द पांडे, सत्येंद्र सिंह सोम, भीमसेन डाबी, अजय चोरडिया, राजाराम तवर, बंसीलाल टाक, अंबालाल चैहान पत्रकार गणों में अशोक त्रिपाठी, आलोक शर्मा, नेमीचंद राठौर, मनीष पुरोहित, अभिषेक विद्यार्थी, विकास तिवारी, महावीर जैन, राजपाल सिंह परिहार, अनिल जोशी, सुरेश भावसार, राकेश भाटी, निलेश तिवारी, ललित पटेल, ललित भाटी, चरणराजपाल, निलेश भारद्वाज,विजय गहलोत, रमेश माली किशोर ग्वाला सहित मंदसौर के गण्यमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह जानकारी शैलेन्द्र अर्जुन सिंह राठौर ने दी।



# पेट्रोल पंप लूटने की योजना बनाते हुए चार डकैतों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, दो हुए फरार

**रतलाम, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जावरा शहर में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जबकि दो बदमाश फरार हो गए। बदमाशों से हथियार भी बरामद हुए।

उप निरीक्षक विजय सिंह बामनिया ने बताया की मुखबिर सुचना से मिली जानकारी कि जावरा शहर के औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत सरसी चौकी के ग्राम बिल्लाखेडा रोड़ नाले के पास कुछ बदमाश पेट्रोल पंप लूटने की योजना बना रहे है। सुचना पर तुरंत पुलिस बल मौके पर पहुंच कर दबिश दी। दबिश में चार बदमाश जितेन्द्र पिता मनोहर कंजर उम्र 55 साल नि. राजाखेडी कंजर डेरा, रुपेश पिता सनोहर कंजर उम्र 30 साल नि. राजाखेडी कंजर डेरा, मनीष पिता स्वराज कंजर उम्र 35 साल नि. राजाखेडी कंजर डेरा, करण पिता जितेन्द्र कंजर उम्र 19 साल नि. राजाखेडी कंजर डेरा को हथियार सहित गिरफ्तार किया गया जब कि दो आरोपी मौके से फरार हो गए।

**बदमाशों से हथियार बरामद**–पुलिस को बदमाश जितेन्द्र कंजर के कब्जे से एक खटके दार चाकु , काले कलर का एक फेश मास्क व एक टार्च एवरेडी कम्पनी की फायबर कलर, बदमाश रुपेश कंजर के कब्जे से एक लकडी का डंडा करीबन 4 फिट लम्बाई व एक काले कलर का फेस मास्क, बदमाश मनीष कंजर के कब्जे से एक धारदार लोहे का धारिया व एक प्लायर, एक काले कलर का फेस मास्क, बदमाश करण सिसोदिया के कब्जे से एक लोहे का सरीया, एक अल्ट्राटेक कंपनी की टेप तथा एक 15 फिट रस्सी का टुकडा बरामद हुए है।


### ✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻

सर्व साधारण व आम जनता को इस जाहिर सूचना के माध्यम से अवगत व सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम जनता पिता बाबुलाल पाटीदार निवासी 31 ग्राम आगर तहसील-शामगढ़ जिला-मन्दसौर के नाम से मुझे बचपन से घर परिवार व समाज में भी जनता पिता बाबुलाल पाटीदार नाम से जाना पहचान व पुकारा जाता है तथा मेरे वोटर कार्ड UPL1514694 में भी पूर्व में जनता पिता बाबुलाल नाम दर्ज है।

यह कि मेरा विवाह नन्दकिशोर पाटीदार निवासी ग्राम बालागुढा, तहसील-मल्हारगढ़ जिला-मन्दसौर के साथ हुआ है और विवाह के बाद मेरा नाम कारी पाटीदार पति नन्दकिशोर पाटीदार नाम परिवर्तन कर लिया है और अब मुझे मेरे सुसराल, समाज व अन्य सभी जगह पर कारी पाटीदार के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाता है तथा मेरे नवीन आधार कार्ड क्र. 5578 6149 2023 में भी मेरा नाम कारी पति नन्दकिशोर पाटीदार अंकित है।

मेरा नाम कारी पति नन्दकिशोर पाटीदार के नाम से मुझे जाना, पहचाना व पुकारा जाये उसके लिए समर्थन में यह जाहिर सूचना प्रकाशन करवा रही हूँ।

नाम-कारी पाटीदार पति-नन्दकिशोर पाटीदार
निवासी-ग्राम-बालागुढ़ा, तहसील-मल्हारगढ़, जिला-मन्दसौर


# अनुमान को गच्चा दे गया मौसम

## गर्मी से फिलहाल राहत, आज बारिश का अलर्ट

**मंदसौर, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गर्मी से फिलहाल राहत बनी हुई है। मंदसौर में सुबह शाम ठंड का असर देखा जा रहा है। वहीं दोपहर में भी धूप में तेजी नहीं होने के साथ ठंडी हवाओं का दौर जारी है। इधर प्रदेश में अगले दो दिन मौसम बदला रहेगा। इस दौरान ओले और बारिश होने का अंदेशा जताया जा रहा है। आज प्रदेश के ग्वालियर, चम्बल उज्जैन सम्भाग के 6 जिलों में बारिश की संभावना बन रही है। गुरुवार और शुक्रवार मंदसौर जिले में बारिश का अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया था। लेकिन, गुरुवार को आसमान साफ रहा। शाम तक बारिश की कहीं से सूचना नहीं दी। हालांकि रात में बारिश का अनुमान मौसम विभाग का है। आज शुक्रवार को भी जिले में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। इससे तापमान में हल्की गिरावट आएगी। रात का तापमान 2 से 3 डिग्री तक लुढ़क सकता है। आज अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। मौसम विभाग भोपाल के अनुसार वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) इरान के आसपास चक्रवाती परिसंचरण के रूप में एक्टिव हो चुका है। इसके असर से पूरे प्रदेश में गुरुवार की रात से ही मौसम बदलेगा और बारिश का दौर शुरू हो जाएगा।

# बिना केव्हायसी वाले फास्टैग आज से हो जाएगें बंद, बैंक कर देगें ब्लैक लिस्ट..!

**नई दिल्ली, 29 फरवरी।** यदि आपने अपनी कार के फास्टैग की बैंक से घधउ अपडेट नहीं कराई है तो आज ही करा लीजिए। अन्यथा आज के बाद बिना केवायसी वाले फास्टैग को बैंक डीएक्टिव या ब्लैकलिस्ट कर देंगे। इसके बाद फास्टैग में बैलेंस होने के बावजूद पेमेंट नहीं होगा।

एनएचएआई ने फास्टैग कस्टमर्स से भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार फास्टैग के लिए केवायसी प्रक्रिया को पूरा करने को कहा है ताकि बिना किसी परेशानी के फास्टैग की सुविधा मिलती रहे। कस्टमर्स अब एक गाड़ी में सिर्फ एक फास्टैग यूज कर सकेंगे। फास्टैग यूजर्स को एक वाहन एक फास्टैग नीति का पालन करना होगा। पहले जारी किए गए सभी फास्टैग को अपने संबंधित बैंकों को वापस करना होगा। अब सिर्फ नए फास्टैग अकाउंट एक्टिव रहेंगे। फास्टैग से टोल वसूलने के लिए टोल प्लाजा के वेटिंग टाइम को कम करने और पारदर्शिता लाने के लिए एक वाहन एक फास्टैग अभियान शुरू किया है। कहा जा रहा है कि एनएचएआई ने यह पहल एक गाड़ी के लिए कई फास्टैग जारी करने और आरबीआई के नियमों का उल्लंघन कर बिना फास्टैग जारी किए जाने की हालिया रिपोर्टों के जवाब में की है। गौरतलब है कि फास्टैग एक प्रकार का टैग या स्टिकर होता है। यह वाहन की विंडस्क्रीन पर लगा हुआ होता है।

फास्टैग रेडियो फ्रीक्वेंसी




आइडेंटिफिकेशन तकनीक पर काम करता है। इस तकनीक के जरिए टोल प्लाजा पर लगे कैमरे स्टिकर के बार-कोड को स्कैन कर लेते हैं और टोल फीस अपनेआप फास्टैग के वॉलेट से कट जाती है। फास्टैग के इस्तेमाल से वाहन चालक को टोल टैक्स के भुगतान के लिए रुकना नहीं पड़ता है। टोल प्लाजा पर लगने वाले समय में कमी और यात्रा को सुगम बनाने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। देश के किसी भी टोल प्लाजा से आप फास्टैग खरीद सकते हैं। इसके अलावा एक्सिस बैंक, कोटक बैंक की ब्रांच से भी आप इसे खरीद सकते हैं। पेटीएम, अमेजन, गूगल पे जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से भी आप इसे खरीद सकते हैं। फास्टैग अकाउंट को इस ऐप से लिंक करके पेमेंट भी कर सकते हैं। आप चाहें तो अपने बैंक अकाउंट को इस ऐप से लिंक कर सकते हैं। इससे जब भी आप किसी टोल प्लाजा से गुजरेंगे तो टोल टैक्स आपके अकाउंट से कट जाएगा। फास्टैग खरीदते समय आपके पास गाड़ी का रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट होना जरूरी है।

# सीएम 2 लाख लाड़ली बहनों को 32 करोड़ एवं 6 हजार लाड़ली बालिकाओं को 2 करोड़ का हितलाभ प्रदान करेंगे

**मंदसौर, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री पीसी चौहान द्वारा बताया गया कि 1 मार्च को प्रात: 10:30 बजे उज्जैन से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव वीसी के माध्यम से सिंगल क्लिक द्वारा मंदसौर जिले की 6 हजार 580 लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को कक्षा 6टी, 9वी, 11वी एवं 12वीं की बालिकाओं को 2 करोड़ 39 लाख 64 हजार रुपए की छात्रवृत्ति का वितरण करेंगे तथा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत मंदसौर जिले की 2 लाख 69 हजार 571 हितग्राहियों को 32 करोड़ 44 लाख 25 हजार 750 रुपए की राशि का वितरण करेंगे।

# आरोप: नाक का करना था उपचार, पेट पर किए घाव

## परिजन आक्रोशित, समाज जनों के साथ थाने में किया हंगामा

**मंदसौर, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नाक में फंसे एक दाने को नकलवाने के लिए गए बच्चे के साथ निजी डाक्टर द्वारा पेट पर नाखून लगाकर घाव किए जाने के मामलें में गुरुवार को परिजन यशोधर्मन नगर थाने पहुंचे और डाक्टर पर कार्रवाही की मांग की। परिजन के अनुसार, बच्चे के नाक में मटर का दाना फंस गया था, जिसका उपचार करवाने के लिए परिजन उसे रुद्राक्ष हॉस्पिटल लेकर आए थे।

डॉक्टर के खिलाफ शिकायत लेकर परिजन बुधवार को शहर कोतवाली थाने पहुंचे थे। यहां सीताराम गुर्जर पिता गोकुल गुर्जर ने शिकायत दर्ज कराई थी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस में शिकायत के बाद बच्चे का मेडिकल कराया गया। जिसमें नाखून लगने से शरीर में कई जगह घाव की पुष्टि हुई। इसके बाद भी डॉ. प्रदीप पाटीदार के खिलाफ कोई एक्शन नहीं हुआ। इसी बात को लेकर गुरुवार को गुर्जर समाजजन सिटी कोतवाली थाने पहुंचे। यहां जिला पंचायत सदस्य दीपक गुर्जर और अनिल गुर्जर की अगुवाई में डॉ. पाटीदार के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करनें की मांग की। शहर थाना टीआई किशोर पाटनवाला ने आक्रोशित लोगों को समझाने की कोशिश की और कहा कि



हम मामले में सीएमएचओ कार्यालय को पत्र लिख कर जांच करवा रहे है।

# काकी ने भतीजे पर दराते से किया हमला

**पिपलियामंडी, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** खेत में बोई फसल बटवारे को लेकर हुए विवाद में काकी ने भतीजे पर दराते से हमला कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। काचरिया चन्द्रावत निवासी राहुल बागरी ने पिपलिया चोकी पर शिकायत दर्ज कराई कि खेत में काका शंकरलाल के साथ पांती में गेंहू फसल बोई थी। लेकिन काका ने कार्य नही किया तो आधी फसल मांगी, मैंने मना किया तो काकी ज्योतिबाई पति शंकरलाल आई और मेरी मां पार्वतीबाई व पिता बद्रीलाल से गाली-गलौज की। मैंने मना किया तो दराते से मेरे उपर हमला कर दिया। जिससे गर्दन, हाथ, कंधे व सिर पर चोंटे आई। पुलिस ने ज्योतिबाई के खिलाफ केस दर्ज किया।

# युवक को पीटा, 3 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गंदा पानी घर के सामने फेंकने से मना किया तो व्यक्ति को पीटा। पुलिस ने मां-बेटियों के खिलाफ केस दर्ज किया। नाहरगढ़ निवासी परसराम पिता हीरालाल सूर्यवंशी ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि घर के सामने पड़ोसी द्वारा गंदा पानी फेंकने से मना किया तो राजेन्द्र उर्फ राजू की पत्नी सम्पतबाई, बेटी वर्षा व पायल ने गाली-गलौज की व मारपीट की। मेरी बेटी खूश्बू बीच-बचाव करने आई तो उसके भी लकडी की मारी, जिससे कलाई पर चोट आई। पुलिस ने तीनों महिलाओं पर केस दर्ज किया।

# मप्र में संभागों एवं जिलों की सीमाएं बदलने के लिए आयोग गठित करेगी सरकार

**भोपाल, 29 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में संभागों एवं जिलों की सीमाएं बदलने के लिए आयोग गठित किया जाएगा। यह आयोग राजस्व, वन, नगरीय विकास एवं आवास और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समन्वय से प्रदेश की समस्त सीमाओं का अध्ययन कर रिपोर्ट बनाएगा। आयोग के अध्ययन के बाद प्रदेश में संभागों एवं जिलों की सीमा बदलने की कार्यवाही की जाएगी। इस आयोग के गठन के लिए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने मुख्य सचिव वीरा राणा को निर्देश दिए हैं।

राज्य सरकार के अनुसार लोकहित एवं जनसुविधा को ध्यान में रखकर संभाग, जिला, तहसील एवं जनपद आदि की सीमाओं के युक्तियुक्तकरण करने की कार्यवाही के लिए यह निर्णय लिया गया है। जल्द ही इस आयोग के गठन एवं इसके अध्यक्ष की अधिसूचना जारी की जाएगी। सीमाओं को बदलने की प्रक्रिया में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी विचार विमर्श किया जाएगा।

**शिवराज सरकार में गठित नए जिलों की सीमाएं भी होगी प्रभावित**–संभाग, जिला, तहसील एवं जनपद आदि की सीमाओं के बदलने से शिवराज सरकार में गठित नए जिलों की सीमाएं भी प्रभावित होंगी। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में सतना जिले को विगठित कर मैहर, छिंदवाड़ा जिले को विगठित कर पांढुर्णा और रीवा जिले को विगठित कर मऊगंज जिला बनाया गया है। निवाड़ी को पहले ही सरकार जिला बना चुकी है। हालांकि नागदा जिले की घोषणा कर दी गई, लेकिन जिला नहीं बनाया जा सका। अब आयोग इन जिलों की सीमाओं का भी अध्ययन कराएगा।

**पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इंदौर संभाग होगी शुरुआत**–मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने इंदौर संभाग की समीक्षा बैठक प्रदेश में आवश्यकता के अनुसार संभाग और जिलों की सीमाओं का पुर्ननिर्धारण करने के निर्देश दिए थे। इसके लिए आयोग बनाकर अध्ययन कराने की बात कही गई थी। इस कार्य की शुरूआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इंदौर संभाग से की जाएगी। उन्होंने थानों की सीमाओं का पुर्ननिर्धारण भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए थे।


### राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001 Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 23/2024 दिनांक 29.02.2024

### ✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा नन्दकिशार पिता अम्बालाल एवं कारी बाई पति नन्दकिशोर पाटीदार, निवासी-बालागुढा तहसील-मल्हारगढ़ जिला-मन्दसौर से आवासीय मकान ग्राम-बालागुढा पटवारी हल्का न. 27. तहसील मल्हारगढ़ जिला-मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्र एमपी 249402024ए1251640, दिनांक 28/02/2024 से मेरे पक्षकार कारी बाई पति नन्दकिशोर पाटीदार, निवासी-बालागुढ़ा, तहसील-मल्हारगढ, जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मल्हारगढ़ में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है-

पूर्व में-पवन कुंडिया का मकान, पश्चिम में-मांगीलाल पाटीदार का मकान, उत्तर में-रोड, दक्षिण में-स्वयं की भूमि, पैमाईश रकबा-2040 वर्ग फीट या 189.52 वर्ग मीटर,

उक्त सम्पति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर



### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मन्दसौर

दूरभाष क्रमांक-07422-256284, फेक्स-07422-255215,
महू नीमच रोड, शासकीय महाविद्यालय के पास, मंदसौर E-mail -: eephedmas@mp.nic.in

NIT NO-20/2023-24

क्रमांक 526/व.ले.लि./का.यं./2024 मंदसौर दिनांक-23.02.2024

निम्नलिखित कार्य की निविदा आमत्रण सूचना वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर प्रदर्शित की गई है। टेण्डर का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-

| टेण्डर आई. डी.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | 1 अर्नेस्टमनी (रु. में) 2 आमंत्रण क्रं. | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | निविदा क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PHED_336774_1 | Hire Charges of Loading vehicle including driver cum MTS (Multi Tasking Staff) Year 2023-24 for collecting laboratory water samples, chlorination drive & Other Emergency Work in Block Bhanpura and Garoth District Mandsaur Vehicle Model 2020 Make Or Above Mahindra Bolero Pickup LCV Or equivalent Vehicle For Public Health Engineering Sub Division Bhanpura District Mandsaur (Fuel i.e. Diesel will be Supplied by Department. (For 1 Year) | 293000.00 | 1. 5860.00 2. प्रथम आमंत्रण | 365 दिवस | 08.03.2024 17.30 तक |

उक्त कार्य की निविदा क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से भुगतान करने पर ऑनलाईन उक्त वेबसाईट पर क्रय की जा सकती है। निविदा से संबधित अन्य विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन वेबसाईट पर देखा जा सकता है। संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

वेक्सिन का दूसरा डोज लगवाएं, जीवन को सुरक्षित बनाएं

(पी.के. गोगादे)
कार्यपालन यंत्री लोक स्वा.यां.खंड मंदसौर
फोन नंबर 07422232190

जी-25132/23



राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय
कृषि विज्ञान केन्द्र, मंदसौर (म.प्र.)

### ✻ संक्षिप्त नीलामी सूचना ✻

कृषि विज्ञान केन्द्र, मन्दसौर के अनुपयोगी ट्रैक्टर (सामे – 315) स्क्रेप में निलामी हेतु संक्षिप्त नीलामी निविदा आंमत्रित की जाती है। इस हेतु दिनांक 01 मार्च 2024 से 06 मार्च 2024 तक कार्यालयीन समय ( प्रात: 10 बजे से सांय 06 बजे) एवं 07 मार्च 2024 को प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक नीलामी निविदा फार्म की कीमत राशि रू.200/– जमा कर प्राप्त कर सकते है। दिनांक 07 मार्च 2024 को दोपहर 03 बजे नीलामी निविदा इस कार्यालय में जमा करना आवश्यक है और अधिक जानकारी एवं विस्तृत नियमावली के लिए कार्यालय में सम्पर्क करें।

वरिष्ठवैज्ञानिक एवं प्रमुख
कृषि विज्ञान केन्द्र, मन्दसौर



### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मन्दसौर

दूरभाष क्रमांक-07422-256284, फेक्स-07422-255215,
महू नीमच रोड, शासकीय महाविद्यालय के पास, मंदसौर E-mail -: eephedmas@mp.nic.in

NIT NO-22/2023-24

क्रमांक 540/व.ले.लि./का.यं./2024 मंदसौर दिनांक-26.02.2024

निम्नलिखित कार्य की निविदा आमत्रण सूचना वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर प्रदर्शित की गई है। टेण्डर का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-

| टेण्डर आई. डी.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | 1 अर्नेस्टमनी (रु. में) 2 आमंत्रण क्रं. | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | निविदा क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PHED_337680_1 | Hire charges of inspection Vehicle including driver but excluding POL(Diesel) for Year 2023-24 forsupervision and inspection and physical verification of various constructions work in Distt. Mandsaur Vehicle Model-2020 Make-Mahindra Scorpio, Mahindra TUV T8, Mahindra Bolero, Mahindra Xylo, etc. (6+1 Seater vehicle and power steering, power window should be) For Assistant Engineer Public Healt Engineering Department Sub- Division Mandsaur Distt.Mandsaur As per BOQ) | 293000.00 | 1. 5860.00 2. द्वितीय आमंत्रण | 365 दिवस | 01.03.2024 17.30 तक |
| 2024_PHED_337709_1 | Hire charges of inspection Vehicle including driver but excluding POL(Diesel) for Year 2023-24 forsupervision and inspection and physical verification of various constructions work in Distt. Mandsaur Vehicle Model-2020 Make-Mahindra Scorpio, Mahindra TUV T8, Mahindra Bolero, Mahindra Xylo, etc. (6+1 Seater vehicle and power steering, power window should be) For Assistant Engineer Public Healt Engineering Department Sub- Division BHANPURA Distt.Mandsaur As per BOQ) | 293000.00 | 1. 5860.00 2. द्वितीय आमंत्रण | 365 दिवस | 01.03.2024 17.30 तक |

उक्त कार्य की निविदा क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के माध्यम से भुगतान करने पर ऑनलाईन उक्त वेबसाईट पर क्रय की जा सकती है। निविदा से संबधित अन्य विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन वेबसाईट पर देखा जा सकता है। संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

वेक्सिन का दूसरा डोज लगवाएं, जीवन को सुरक्षित बनाएं

(पी.के. गोगादे)
कार्यपालन यंत्री लोक स्वा.यां.खंड मंदसौर
फोन नंबर 07422232190

जी-25131/23


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in